भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2631
उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों का कार्यकरण

2631. **डॉ. राजीव भारद्वाज:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में कार्यरत केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) का जिला-वार ब्यौरा क्या है और उनकी कुल संख्या कितनी हैं;
(ख) क्या सरकार का हिमाचल प्रदेश में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में, हिमाचल प्रदेश राज्य में 26 केंद्रीय विद्यालय (केवि) कार्यात्मक हैं। जिला-वार विवरण संलग्न है।

(ख) और (ग): नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों सहित रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं जिनमें केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) के मानदंडों के अनुसार एक नया केवि स्थापित करने के लिए निःशुल्क अपेक्षित भूमि और उपयुक्त किराया-मुक्त अस्थायी आवास को उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल होती है।

भारत सरकार ने हाल ही में देश भर में दिसंबर, 2024 में 85 नए केवि और अक्टूबर, 2025 में 57 नए केवि संस्वीकृत किए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश राज्य के 06 केवि नामतः (i) रिरी कुठेरा (जिला कांगड़ा) (ii) गोकुलनगर अप्पर भंजाल (जिला ऊना) (iii) नंदपुर (जिला ऊना) (iv) थुनाग (जिला मंडी) (v) पांवटा साहिब (जिला सिरमौर) और (vi) कोटखाई (जिला शिमला) शामिल हैं।

*****

अनुलग्नक

“हिमाचल प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालयों का कार्यकरण” के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2631 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

हिमाचल प्रदेश राज्य में कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालयों का जिला-वार विवरण

जिला का नाम	क्रम संख्या	केंद्रीय विद्यालय का नाम
हमीरपुर	1	हमीरपुर
	2	नादौन
ऊना	3	बंगाना
	4	सलोह (संतोखगढ़)
मंडी	5	मंडी
	6	धर्मपुर
	7	संधोल
बिलासपुर	8	घुमारवीं
शिमला	9	सरहन (आई टी बी पी)
	10	शिमला
	11	जतोग
किन्नौर	12	रेकॉन्ग पिओ
कांगड़ा	13	अलहिलाल
	14	पालमपुर
	15	धर्मशाला कैंट.
	16	भनाला
	17	नलेटी
	18	योल कैंट.
सोलन	19	कसौली (एएफएस)
	20	सुबाथू
कुल्लू	21	सैंज
चंबा	22	चमेरा नंबर 2 (एनएचपीसी)
	23	चमेरा नंबर 1 एचईपी (एनएचपीसी)
	24	बनीखेत, एनएचपीसी (डलहौजी कैंट.)
	25	बकलोह
लाहौल स्पीति	26	केलांग

*****